# मेरे घर में आई मैया

मेरे घर में आई मैया मैं वारी जाऊं मैया जी,
मेरी पार करेगी नैया मैं वारी जाऊं मैया जी,
बलिहारी जाऊं मैया जी....

मेरे घर में ना कोई आसन है,
ना चौकी ना ही सिंहासन है,
बस श्रद्धा की है छैया मैं वारी जाऊं मैया जी,
मेरे घर में आई मैया......

ना कोई दीपक बाती मैया,
ना सुख का कोई समान मैया,
मैं पढ्ढु मैया के पैया मैं वारी जाऊं मैया जी,
मेरे घर में आई मैया.....

मेरा और ना कोई सहारा मां,
तूने सबको पार उतारा मां,
मेरी भी बनो खिवैया मैं वारी जाऊं मैया जी,
मेरे घर में आई मैया.....

मेरे घर में भवानी आई है,
खुशियां ही खुशियां लाई है,
मैं नाचूं ता ता थैया मैं वारी जाऊं मैया जी,
मेरे घर में आई मैया मैं वारी जाऊं मैया जी......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31896/title/mere-ghar-me-aayi-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |